BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का बैकयार्ड गार्डन प्रोग्राम 6 फरवरी को शुरू हो रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 जनवरी, 2023) – अपने चौथे वर्ष के लिए फिर शुरू हो रहा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का बैकयार्ड गार्डन (Backyard Garden) प्रोग्राम काफी मांग की वजह से वापस आ रहा है और 6 फरवरी को रजिस्ट्रेशन के लिए खुल रहा है।

यह प्रोग्राम, निवासियों को अपने खुद के घरों में आराम से सब्जियां और जड़ी-बूटियां (हर्ब्स) आदि उगाने और अपनी घर में उगी सब्जियों को लोकल फूड बैंकों और संगठनों को दान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्रत्येक भागीदार को मिट्‌टी के पांच थैले और गार्डन संबंधी सैम्पलर बीज किट मिलेगी (जिसमें तीन अलग-अलग प्रकार के बीज होंगे)।

इस प्रोग्राम की बहुत ज्यादा लोकप्रियता और सफलता के कारण, यह केवल नए भागीदारों के लिए खुला है।

**2022 प्रोग्राम के आंकड़े**

- 2,921 भागीदार
- 14,635 थैले मिट्‌टी और 5,836 पैकेट दान किए गए थे

बागबानी संबंधी ट्यूटोरियल और सुझावों के साथ-साथ, प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/backyardgarden पर जाएं।

**हमारे बैकयार्ड गार्डन क्लब के बारे में अधिक जानकारी पाएं और इससे जुड़ें**

यदि आप पहले ही बैकयार्ड गार्डन प्रोग्राम में हिस्सा ले चुके हैं लेकिन अब भी जुड़े रहना चाहते हैं – तो सिटी के मासिक बैकयार्ड गार्डन क्लब (Backyard Garden Club) से जुड़ें! बागबानी से सभी शौकीनों के लिए खुला, क्लब बागबानी संबंधी जानकारी वाला मासिक ई-न्यूज़लेटप, निवासियों के लिए बागबानी संबंधी सवाल भेजने के अवसर, ब्रैम्पटन होर्टिकल्चरल सोसायटी (Brampton Horticultural Society) और चिंग्कूज़ी गार्डन क्लब (Chinguacousy Garden Club) जैसे विशेषज्ञों और कम्युनिटी साझेदारों से बागबानी संबंधी सलाह और सहायता, खास ऑफर आदि प्रदान करता है! रजिस्टर करने के लिए, www.brampton.ca/backyardgarden पर जाएं।

सिटी, 2023 के प्रोग्राम के उदार प्रायोजकों (स्पांसर्स), स्कॉट्स कैनेडा लिमिटेड (Scotts Canada Ltd), मैटमी होम्स (Mattamy Homes), फील्डगेट  डिवेल्पमेंट्स (Fieldgate Developments) और पैराडाइज डिवेल्पमेंट्स (Paradise Developments) का धन्यवाद करती है।

**हवाले**

“हम बैकयार्ड गार्डन प्रोग्राम का फिर स्वागत करने के लिए बेहद खुश हैं और यह पिछले वर्ष दान की गई 7,000 पौंड सब्जियों की सफलता पर आधारित है। यह प्रोग्राम जरूरतमंद लोकल लोगों की सहायता के लिए जारी है और सामूहिक बदलाव दर्शाता है, जो हम कम्युनिटी के तौर पर इकट्ठे काम करके ला सकते हैं। मैं 2023 की पूरी पैदावार को देखने के लिए उत्साहित हूं!”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“पिछले वर्ष 2,921 भागीदारों के साथ, इस ईकोफ्रेंडली पहलकदमी में हमारे निवासियों को देखना प्रेरणादायक था, जो हमारी कम्युनिटी में बहुत-से लोगों को फायदा पहुंचाती है। सिटी, हमारे प्रायोजकों की भी आभारी है, जो उस भूमिका को समझते हैं, जो कारोबारी हमारी लोकल कम्युनिटी की सहायता करने में निभाते हैं और सिटी हर उस व्यक्ति का धन्यवाद करती है, जिसने हमारे निवासियों के लिए फूड सिक्योरिटी की सहायता में इस पहलकदमी में योगदान दिया।”

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca